कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/छाप्रोप्र/ए/शालादर्पण/2019–20 दिनांक 13.10.2020

स्मरण पत्र–1

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक(मुख्यालय)

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी
समग्र शिक्षा अभियान

विषय : शालादर्पण पोर्टल पर छात्रवृत्ति मॉड्यूल में विभिन्न छात्रवृत्तियों के ऑनलाईन भरे गए आवेदनों को प्रतिदिन संस्थाप्रधानों द्वारा लॉक/सबमिट करने के सम्बन्ध में स्मरण पत्र।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक : शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/ए/शालादर्पण/ 2019–20 दिनांक 25.08.2020, 11.09.2020, 24.09.2020,एवं 30.09.2020

राज्य में स्थित समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से सत्र 2020–21 के लिए विभिन्न 10 प्रकार की पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में आनलाईन आवेदन एवं अपडेशन की कार्यवाही संस्थाप्रधान स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 20.10.2020 के रात्रि 12.00 बजे तक निर्धारित की गई है जिसे किसी भी परिस्थिति में अंतिम तिथि को ओर बढाया जाना संभव नहीं है।

उक्त क्रम में **भरे गए आवेदनों एवं अपडेशन किए गए आवेदनों को प्रतिदिन लॉक/ सबमिट कर** आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में दिये जाने के उपरांत भी संस्थाप्रधानों द्वारा उक्त ड़ाटा लाकॅ/सबमिट करने की प्रगति आज दिनांक तक कुल एलोटमेन्ट 805660 विधार्थियों में से 430387 विधार्थियों को लाकॅ/ सबमिट किया गया है जो कि अत्यधिक न्यून है।

अतः आप अपने अधिनस्थ समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित करें कि निर्धारित समय में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि पात्र विद्यार्थियों को भुगतान की कार्यवाही की जा सकें। उपर्युक्त कार्य में शिथिलता/उदासीनता बरतने वाले संस्थाप्रधानों/कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही कर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

13.10.2020

प्रभारी अधिकारी (छात्रवृत्ति)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

www.rajsevak.com

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा कों समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान को जिला क्षेत्राधिकार में समुचित प्रर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. उप निदेशक, शालादर्पण प्रकोष्ठ, शिक्षा संकुल, राजस्थान, जयपुर
4. सहायक निदेशक,शालार्पण अनुभाग कार्यालय हाजा
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट एवं शालादर्पण पर अपलोड करने बाबत।

13.10.2020

प्रभारी अधिकारी (छात्रवृत्ति)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर